आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 03.12.25 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर की पैरा एथलीट पूजा गर्ग को ‘श्रेष्ठ दिव्यांगजन’ पुरस्कार से किया गया सम्मानित।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की।
- भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर आज भपल में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गयी।
- रायपुर में दूसरे वनडे में भारत का शानदार प्रदर्शन; साउथ अफ्रीका के सामने जीत के लिए 359 रन का विशाल लक्ष्य।

राष्ट्रपति - दिव्यांगजन पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में वर्ष 2025 के दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने दिव्यांगजन के लिए अधिकार-आधारित दृष्टिकोण को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इंदौर की पैरा एथलीट पूजा गर्ग को वर्ष 2025 के ‘श्रेष्ठ दिव्यांगजन’ पुरस्कार से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूजा गर्ग को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नाथुला पास पर तिरंगा फहराने वाली विश्व की पहली महिला बनने का गौरव प्राप्त कर पूजा ने प्रदेश और देश दोनों का मान बढ़ाया है।

प्रदेश में आज विश्व दिव्यांग दिवस पर कई कार्यक्रम हुए । मंदसौर, कटनी, नीमच, रायसेन lfgr सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पीएम - प्राकृतिक खेती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राकृतिक खेती के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा है कि इससे विविधता को बढावा मिलता है जहां पेड-पौधे और मवेशी सहअस्तित्व के साथ प्राकृतिक

जैव विविधता को मजबूत करते हैं। सोशल मीडिया पर एक आलेख को साझा करते हुए श्री मोदी ने देशभर के लोगों का आह्वान किया कि प्राकृतिक कृषि पद्धितयों को अपनाये और आगे बढायें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती का आधार और भारत की परांपरागत ज्ञान प्रणाली तथा आधुनिक पर्यावासी सिद्धांत हैं जिनसे बिना सिंथेटिक रसायनों के फसल उगाई जा सकती है।

एसआईआर

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण के अन्तर्गत 50 करोड 97 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। यह इस चरण में शामिल होने वाले लगभग 51 करोड मतदाताओं का 99 दशमलव आठ-तीन प्रतिशत है। आयोग ने कहा कि लगभग 47 करोड प्रपत्र डिजीटल किए जा चुके हैं। नर्मदापुरम जिले में एसाईआर कार्य सौ प्रतिशत पूर्णता की ओर है। जिले में 98.08% (अठानवे दशमलव शून्य आठ प्रतिशत) डिजिटाइजेशन हो चुका है।

बैतूल जिले ने मतदाताओं का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का जिले में गंभीरता से पालन किया जा रहा है।

फेक न्यूज़

आज लोकसभा में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर फैल रही फेक न्यूज़, भ्रामक जानकारी और ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग को लेकर बढ़ती चिंताओं पर जवाब दिया। मंत्री ने बताया कि सरकार इन मुद्दों पर गंभीर है और लोगों को सुरक्षित डिजिटल माहौल देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में कहा कि महिलाओं और बच्चों से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और प्रभावी तरीके से अधिक लोगों तक पहुंचे। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं पर ड्रॉपआउट रोकने, आंगनवाड़ी सेवाओं में सुधार और आईटी के उपयोग को बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ऑनलाइन भर्ती लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश में पहला राज्य है और टेक होम राशन की फेस रिकग्निशन प्रणाली में भी प्रदेश प्रथम रहा है। स्पॉन्सरशिप योजना, मातृ वंदना योजना और लाड़ली बहना योजना से लाखों महिलाओं और बच्चों को लाभ मिला है। कई जिलों के नवाचारों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है और आने वाले

वर्षों में सेंट्रल किचन से गर्म भोजन, 9,000 नए आंगनवाड़ी भवन और बालिकाओं के कौशल प्रशिक्षण जैसी नई पहलें लागू की जाएंगी।

गैस त्रासदी

भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर आज भोपाल में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें गैस राहत मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने दिवंगत पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और ऐसी त्रासदी दोबारा न होने की प्रार्थना की। विभिन्न धर्मगुरुओं ने धर्मग्रंथों का पाठ कर इसे मानवता के लिए अपूरणीय क्षति बताया। कार्यक्रम में मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, वरिष्ठ अधिकारी और गैस पीड़ितों के लिए कार्य करने वाले संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

मनसुख मंडाविया

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि देश के लगभग 64 प्रतिशत नागरिक कम से कम एक तरह की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रहे हैं, जिससे भारत सामाजिक सुरक्षा देने वाले देशों में दूसरे स्थान पर है। नई दिल्ली में इंडियाएज 2025 सम्मेलन में उन्होंने बताया कि सरकार ने पुराने श्रम कानूनों को मिलाकर नई श्रम संहिताएँ बनाई हैं, ताकि मजदूरों की भलाई के साथ-साथ निवेश और उद्योगों को भी बढ़ावा मिले।

संचार साथी एप्प

संचार साथी एप की बढती स्वीकार्यता को देखते हुए सरकार ने मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों के लिए इस एप को पहले से इन्सटॉल करने को अनिवार्य नहीं बनाने का फैसला लिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नागरिक जब चाहे इस एप को हटा सकते हैं और इस एप का उपायोगकर्ताओं की सुरक्षा के अलावा और कोई कार्य नहीं है। संचार मंत्रालय ने एक बयान में बताया है कि अब तक एक करोड चालीस लाख उपयोगकर्ताओं ने इस एप को डाउनलोड किया है और प्रतिदिन धोखाधडी से जुडी दो हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यह एप सुरक्षित है और इसका उद्देश्य साइबर अपराध से लोगों को बचाना है।

बाल विवाह मुक्त भारत

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर कल नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सौ दिवसीय जागरूकता अभियान का औपचारिक शुभारंभ करेंगी। 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में इसके लिए राष्ट्रीय संकल्प और देश भर की प्रेरक कहानियों पर केन्द्रित फिल्में भी दिखाई जाएगी। इस अभियान के माध्यम से, महिला और बाल विकास मंत्रालय देश भर के नागरिकों, संस्थानों और सामुदायिक नेताओं से इस आंदोलन में शामिल होने और बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण के लिए आह्वान करेगा।

क्रिकेट

रायपुर में खेले जा रहे भारत–दक्षिण अफ्रीका दूसरे वनडे क्रिकेट मैच में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 ओवर में 358 रन बनाए। विराट कोहली और रुतुराज गायकवाड़ ने शतक जमाए, जबकि कप्तान केएल राहुल ने 66 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। समाचार लिखे जाने तक दक्षिण अफ्रीका ने 17 ओवर में 1 विकेट के नुक्सान पर 97 रन बनाए हैं।

समाचार संक्षेप में -

- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत पात्र परिवारों को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- झाबुआ में आज लीड बैंक कार्यालय द्वारा आपकी पूंजी आपका अधिकार विशेष शिविर जिला पंचायत सभागृह में आयोजित किया।
- खण्डवा- में मोतियाबिंद जांच के लिए शिविर तथा चयनित मोतियाबिंद हितग्राहियों के ऑपरेशन के लिए निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।
- कटनी में रेहड़ी-पटरी और छोटे फेरी-विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में नई पहल विशेष शिविर में 17 हितग्राहियों को एक साथ सौंपे गए स्वीकृति पत्र।

———————————